कक्षा५
पाठ ६ स्वावलंबन
प्रश्नों के उत्तर
(क) लड़का भीख क्यों मांग रहा था?
(उत्तर)लड़का इसलिए भीख मांग रहा था क्योंकि उसकी मां बहुत बीमार थी पिताजी थे नहीं उसे कोई काम नहीं देता था तो मजबूरी में वह भीख मांग रहा था।
(ख) ईश्वर चंद्र विद्यासागर कौन थे?
उत्तर-ईश्वर चंद्र विद्यासागर जी एक समाज सेवक थे जिन्होंने समाज की बहुत सी कुरीतियों को खत्म करने में अपना योगदान दिया।
(ग) लड़के ने ₹50 किस तरह जमा किए?
उत्तर-विद्यासागर जी ने लड़के को ₹1 दिया जिसमें से उसने एक आना अपनी मां को दिया और बाकी के 15 आने के आम ले आया और उन आमों को बेचकर पैसा इकट्ठा किया फिर उन पैसों से दोबारा आम ले आया फिर उन्हें बेचकर फिर आम ले आया इस तरह आमों को बेच करके उसने ₹50 इकट्ठा किये।
(घ) इस पाठ से आपको क्या सीख मिली?
उत्तर-इस पाठ से हमें यह सीख मिली कि हमें हमेशा आत्मनिर्भर बनना चाहिए।
प्रश्न-निम्नलिखित प्रश्न वाचक शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए
क्या-तुम क्या कर रहे हो?
क्यों-तुम आज स्कूल क्यों नहीं गये?
कैसे- आज कैसे आना हुआ?
कब-तुम दिल्ली कब जाओगे?
कहां-कहां जा रहे हो?
किस-हमें सड़क पर किस ओर चलना चाहिए?
किधर-यह आवाज किधर से आ रही है?